दिन– गुरुवार दिनांक– 24 / 09 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य मंत्रिपरिषद ने पटना में माता सीता के नाम पर पहले महिला विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दी। बेगूसराय में खुलेगा दिनकर विश्वविद्यालय।

02. पंचायत चुनाव में अत्यंत पिछड़ा वर्ग के आरक्षण का मानक तय। राज्य अति पिछड़ा वर्ग आयोग जल्द शुरू करेगा सर्वे।

03. मोकामा में नए रेल पुल को रेल नेटवर्क से जोड़ने के चलते आज तेईस ट्रेनों को रद्द किया गया। बाईस ट्रेनों का परिवर्तित मार्ग से होगा परिचालन।

04. और, प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में पिछले दो दिनों से रूक–रूक हो रही है बारिश। मौसम विभाग ने आज पूर्वी चंपारण, अररिया, शिवहर और कैमूर समेत पन्द्रह जिलों भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

————————————————————

राज्य मंत्रिपरिषद ने पटना में पहले महिला विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि यह विश्वविद्यालय माता सीता के नाम पर स्थापित होगा। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने बेगूसराय में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दी। दोनों विश्वविद्यालयों के प्रशासनिक खर्च के लिए पन्द्रह–पन्द्रह करोड़ रुपये की स्वीकृति भी दी गई है। श्री चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री गो–धन विकास ऋण योजना के तहत बैंक लोन के ब्याज पर शत–प्रतिशत सब्सिडी देने का फैसला किया है। योजना के तहत लाभुकों को मूलधन का भुगतान करना होगा। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने कोसी क्षेत्र में डेयरी विकास से जुड़ी आठ परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है।

———साउंड बाईट———

श्री चौधरी ने बताया कि कैबिनेट ने नवादा के वारिसलीगंज में नई चीनी मिल की स्थापना को मंजूरी दी है। इसमें पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की संभावना है। इसके अलावा कैबिनेट ने पुलिस आधुनिकीकरण के लिए पचास हाईटेक ड्रोन खरीदने, स्वास्थ्य संस्थानों में ई–सुश्रुत एनएक्स एप्लीकेशन लागू करने तथा विभिन्न आयोगों, बोर्डों और समितियों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों के वेतन और भत्तों में संशोधन समेत चौबीस प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि दूध की तर्ज पर गांवों से सब्जियों की खरीद की व्यवस्था विकसित की जाएगी। बक्सर में जीविका दीदियों से संवाद के दौरान श्री चौधरी ने कहा कि सब्जी उत्पादकों को सहकारिता विभाग से जोड़ने के लिए समझौता किया जाएगा। उन्होंने बकरी पालन को बढ़ावा देने और बकरी के दूध की सुधा के माध्यम से बिक्री की व्यवस्था विकसित करने की भी बात कही।

———साउंड बाईट———

मुख्यमंत्री ने चुरामनपुर में जीविका भवन का उद्‌घाटन किया और लगभग बानवे करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया।

———————————————————————

प्रदेश में आगामी पंचायत चुनाव में अत्यंत पिछड़ा वर्ग ईबीसी के आरक्षण का मानक तय कर दिया गया है। इसके आधार पर राज्य अति पिछड़ा वर्ग आयोग जल्द ही सर्वे शुरू करेगा। आयोग ईबीसी की लगभग एक सौ बाईस जातियों की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और राजनीतिक स्थिति का अध्ययन करेगा। पंचायतवार आबादी, परिवारों की आर्थिक स्थिति और विभिन्न निर्वाचित संस्थाओं में प्रतिनिधित्व का भी आकलन किया जाएगा। आयोग अध्ययन के बाद अपनी रिपोर्ट सामान्य प्रशासन विभाग को देगा, जिसके बाद आरक्षण की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। नए परिसीमन के बाद पंचायतों की संख्या बढ़ने पर ईबीसी के लिए आरक्षित पंचायतों की संख्या में भी बदलाव हो सकता है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार पंचायत चुनाव में एससी, एसटी और ईबीसी के लिए कुल आरक्षण पचास प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकता है।

———————————————————————

प्रदेश में उद्योग लगाने की मंजूरी अब एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म से मिल सकेगी। उद्योग विभाग ने सिंगल विंडो क्लियरेंस पोर्टल का नया संस्करण लॉन्च किया है। इसके जरिए नौ विभागों की बासठ सेवाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगी। उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने बताया कि पोर्टल पर निवेशक अपने प्रोजेक्ट के लिए जरूरी स्वीकृतियों की पहचान करने, लाइसेंस के लिए आवेदन करने, दस्तावेज अपलोड करने और आवेदन की स्थिति ऑनलाइन ट्रैक कर सकेंगे।

———————————————————————

राज्य में तेरह औद्योगिक परियोजनाओं में लगभग दो हजार छह सौ छियासी करोड़ रुपये के निवेश का रास्ता साफ हो गया है। राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद की एक सौ चौबीसवीं बैठक में इन परियोजनाओं को स्टेज–वन क्लीयरेंस दी गई। उद्योग सचिव कुंदन कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में तेरह परियोजनाओं के लिए कुल दो हजार छह सौ छियासी करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी मिली। वहीं, दो परियोजनाओं

को करीब ग्यारह करोड़ इक्यासी लाख रुपये का वित्तीय प्रोत्साहन देने को भी स्वीकृति दी गई।

———————————————————————

प्रदेश में सहकारी बैंकों से नए ग्राहकों को जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने अधिकारियों को सहकारी बैंकों को आधुनिक, डिजिटल और ग्राहक–केंद्रित बैंकिंग सेवा के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया है। विभागीय समीक्षा बैठक में एक महीने के भीतर वाट्सऐप बैंकिंग, तीन महीने में मोबाइल बैंकिंग और नवंबर तक अंगूठे के निशान से भुगतान की सुविधा शुरू करने का लक्ष्य तय किया गया।

———————————————————————

कर्मचारी राज्य बीमा निगम– ईएसआईसी के बीमित कामगारों को अब राज्य के सरकारी अस्पतालों में भी इलाज की सुविधा मिल सकेगी। श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और अब स्वास्थ्य विभाग के साथ इस संबंध में समझौते की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। नई व्यवस्था का लाभ राज्य के पांच लाख पैंसठ हजार से अधिक बीमित कामगारों और उनके आश्रितों को मिलेगा।

———————————————————————

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत छब्बीस सितंबर को पटना में देश के पहले पीड़ित अधिकार केंद्र का उद्घाटन करेंगे। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण परिसर में स्थापित यह केंद्र अपराध पीड़ितों को उनके कानूनी अधिकार और जरूरी सहायता एक ही स्थान पर उपलब्ध कराएगा। यह केन्द्र एक वर्ष की पायलट परियोजना के रूप में शुरू हो रहा है। कार्यक्रम में ट्रांसजेंडर हेल्पलाइन की शुरुआत और मल्टी–यूटिलिटी वाहनों का शुभारंभ भी होगा।

———————————————————————

केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने कहा है कि देशभर में सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक रविवार, सत्ताईस सितंबर को खुले रहेंगे। मंत्रालय ने बताया कि यह निर्णय यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस की ओर से अट्ठाईस सितंबर से प्रस्तावित तीन दिन की देशव्यापी बैंक हड़ताल को देखते हुए लिया गया है। मंत्रालय ने बैंकों को पच्चीस सितंबर तक वेतन और अन्य देय भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं, ताकि कर्मचारियों और अन्य पात्र लाभार्थियों को समय पर भुगतान मिल सके।

———————————————————————

मोकामा में नए रेल पुल को रेल नेटवर्क से जोड़ने के काम के कारण आज तेईस ट्रेनें रद्द रहेंगी, जबकि बाईस ट्रेनों का मार्ग बदला गया है। पूर्व मध्य रेल के

अनुसार, राजेंद्र पुल मोकामा, हथीदह जंक्शन, टाल, रामपुर डुमरा और दिनकर ग्राम सिमरिया स्टेशनों पर प्री–इंटरलॉकिंग और नॉन–इंटरलॉकिंग काम के कारण यह फैसला किया गया है। रद्द ट्रेनों में मोकामा–हावड़ा और हावड़ा–मोकामा एक्सप्रेस, सहरसा–राजेंद्र नगर और राजेंद्र नगर–सहरसा इंटरसिटी, जयनगर–पटना और पटना–जयनगर एक्सप्रेस प्रमुख हैं। इसके अलावा मेमू, स्पेशल और लंबी दूरी की कई ट्रेनें भी प्रभावित रहेंगी। रेलवे ने यात्रियों से यात्रा से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति की जानकारी लेने की अपील की है।

———————————————————

बंगाल की खाड़ी में बने गहरे दबाव क्षेत्र के प्रभाव से राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में दो दिनों से रूक–रूक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सत्ताईस सितम्बर तक राज्य में बारिश की परिस्थितियां बनी रहेंगी। विभाग ने आज अररिया, किशनगंज, पूर्णियां, सुपौल, शिवहर, सीतामढ़ी, कैमूर, भोजपुर, बक्सर और सारण जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चम्पारण, गोपालगंज, सीवान और मुजफ्फरपुर जिले में अत्यधिक भारी बारिश का अलर्ट है। इस दौरान तेज हवा चलने और वज्रपात की भी आशंका है।

———साउंड बाईट———

———————————————————

पटना में चल रही सैंतीसवीं ईस्ट जोन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बिहार के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन बिहार ने चालीस पदक अपने नाम किए, जिसमें चौदह स्वर्ण, दस रजत और ग्यारह कांस्य पदक शामिल हैं। पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में बिहार के खिलाड़ियों ने शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, जेवलिन थ्रो, हर्डल रेस, सौ मीटर दौड़, रेस वॉक, लंबी कूद और पोल वॉल्ट समेत विभिन्न स्पर्धाओं में पदक जीते।

———————————————————

प्रदेश में कर्मा पूजा के बाद प्रतिमा विसर्जन के दौरान डूबने की अलग–अलग घटनाओं में बारह लोगों की मौत हो गयी जबकि कई अन्य लापता हैं। पटना के बख्तियारपुर में तीन किशोरों की मौत हो गयी। वहीं, जिले के मनेर में तीन और अथमलगोला तथा बाढ़ में दो–दो लोग लापता हैं। दूसरी तरफ, गया, नालंदा, रोहतास और औरंगाबाद में डूबने की अलग–अलग घटनाओं में नौ लोगों की मौत हुई है।

———————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग की सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी परीक्षा में धांधली के मुख्य आरोपी सतीश कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने इसे पटना के गर्दनीबाग थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।

———————————————————

पटना के बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र के चकारम स्थित एक अपार्टमेंट में अपराधियों ने वार्ड संख्या चौबीस की पार्षद ज्ञानवती देवी के पति पर फायरिंग कर दी। उन्हें पांच गोलियां लगी है और उनकी स्थिति गम्भीर बनी हुई है।

———————————————————

अररिया की उत्पाद अदालत शराब तस्करी के एक मामले में सूरज मेहता को पांच साल कारावास और एक लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– पटना में राज्य का पहला महिला विश्वविद्यालय स्थापित करने पर कैबिनेट की मुहर। माता सीता, दिनकर के नाम पर खुलेंगे विश्वविद्यालय।

दैनिक जागरण ने लिखा है– दारोगा भर्ती मुख्य परीक्षा रद्द, जांच में मिले पेपर लीक के साक्ष्य।

प्रभात खबर की सुर्खी है– बक्सर से गया तक फोर लेन विश्वामित्र पथ बनेगा, सीएम।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– भाजपा की नई टीम बनी, हरीश द्विवेदी बिहार के प्रभारी बनाये गये।

राष्ट्रीय सागर लिखता है– एसआईआर विवाद, ईएसआई बोला– आयोग पूरी तरह संवैधानिक जनादेश और वैधानिक नियमों के तहत काम कर रहा है।

आज अखबार की सुर्खी है– इस रविवार देश भर में खुले रहेंगे बैंक, फिर तीन दिन हड़ताल।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य मंत्रिपरिषद ने पटना में माता सीता के नाम पर पहले महिला विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दी। बेगूसराय में खुलेगा दिनकर विश्वविद्यालय।

02. पंचायत चुनाव में अत्यंत पिछड़ा वर्ग के आरक्षण का मानक तय। राज्य अति पिछड़ा वर्ग आयोग जल्द शुरू करेगा सर्वे।

03. मोकामा में नए रेल पुल को रेल नेटवर्क से जोड़ने के चलते आज तेईस ट्रेनों को रद्द किया गया। बाईस ट्रेनों का परिवर्तित मार्ग से होगा परिचालन।

04. और, प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में पिछले दो दिनों से रूक–रूक हो रही है बारिश। मौसम विभाग ने आज पूर्वी चंपारण, अररिया, शिवहर और कैमूर समेत पन्द्रह जिलों भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।